<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 27.07.2023

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल व एक अदद तमंचा मय कारतूस बरामद –

जनपद बाराबंकी में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 26.07.2023 को मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से थाना देवा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त प्रशान्त तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी किशनपुरवा थाना चिनहट जनपद लखनऊ को देवा-बाराबंकी रोड, ग्राम छोटीपुरवा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल व 01 अदद तमंचा मय 01 अदद कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना देवा पर मु0अ0सं0 642/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 643/2023 धारा 411/420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उक्त मोटर साइकिल को काफी दिन पूर्व जनपद लखनऊ से चोरी किया था जिसका असली नम्बर प्लेट मिटाकर फर्जी नम्बर प्लेट डालकर उपयोग में ला रहा था।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

प्रशान्त तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी किशनपुरवा थाना चिनहट जनपद लखनऊ

<u>बरामदगी-</u>

1. चोरी की 01 अदद स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल (फर्जी नं0 यूपी 32 डीआर 3018 व सही नं0 यूपी 32 जीएक्स 8665)
2. 01 अदद तमंचा मय 01 अदद कारतूस .315 बोर

<u>पुलिस टीम-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री पंकज कुमार सिंह थाना देवा जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री शशिकान्त सिंह थाना देवा जनपद बाराबंकी
3. का0 मुकेश कुमार यादव थाना देवा जनपद बाराबंकी
4. का0 उत्तम कुमार चर्तुवेदी थाना देवा जनपद बाराबंकी